समर ब्रेक में पढ़ी बुक्स के फेवरेट कैरेक्टर बनकर आए

अपने फेवरेट बुक कैरेक्टर के अटायर में स्टूडेंट्स ने कुछ इस अंदाज में रैंप पर एंट्री ली।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल में सोपान ब्लॉक में बॉस्कर अवॉर्ड शो आयोजित किया गया। इसमें स्टूडेंट्स ने अपने फेवरेट बुक कैरेक्टर के अटायर को कैरी किया। यह वो बुक्स थी, जिन्हें स्टूडेंट्स ने अपने समर ब्रेक के दौरान पढ़ा था। रॉबर्ट फ्रास्ट, मार्क एंटोनी, टैगोर और एलिस को प्रस्तुत किया। इस दौरान कुछ कैरेक्टर्स की एक्टिंग ने ऑडियंस को पूरे उत्साह के साथ बांधे रखा। गोल्डन ट्रॉफी के लिए मंच की तरफ जल्दी में जाते हैरी पॉटर और उनकी इंटेलिजेंट दोस्त हरमाइनी भी नजर आईं।

इस मौके पर बॉक्सर शो किंग रीडर और क्वीन रीडर अवॉर्ड ऐसे स्टूडेंट्स को दिया गया, जिन्होंने सबसे ज्यादा बुक्स पढ़ीं और इंटरव्यू राउंड क्लीयर किए। अमोघ बिंदल, ओवी कुलकर्णी, इशाना जैन को यह अवॉर्ड मिला। इस दौरान ब्लॉक को थीम के मुताबिक डेकोरेट भी किया गया।